### जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने दिए निर्देश, स्लूइस गेट का निरीक्षण एक सप्ताह के अंदर कनीय अभियंता को करने कहा

# बाढ़ से बचाव : तटबंधों की 24 घंटे होगी पेट्रोलिंग

## तैयारी

**भागलपुर/नवगछिया, हि.टी.।** जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा, इस बार एक जून से पूरे बिहार में बाढ़ से बचाव की तैयारी हो रही है। पहले 15 जून के बाद होता था। तटबंधों की 24 घंटे पेट्रोलिंग की जाए। उन्होंने कहा सभी कनीय अभियंता तटबंधों के स्लूइस गेट तक निरीक्षण एक सप्ताह के अंदर कर लें। ताकि उनकी क्रियाशीलता की जानकारी मिल सके। जो गेट नहीं खुल रहा है या उसके चेन में खराबी है। उसे अभी दुरुस्त कर लें। काम करने में परेशानी होने पर यांत्रिक प्रमंडल से संपर्क कर निदान करें।

**अररिया में तटबंध निर्माण का मामला भी मंत्री के समक्ष उठा:** मंत्री ने महानंदा बाढ़ प्रमंडल की भी समीक्षा की। इससे जुड़ी 10 योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें 4 पूर्ण, 2 का काम 85% और शेष 4 का काम एक सप्ताह के अंदर पूरा करने की बात बताई गई। महानंदा फेज-2 की समीक्षा में बताया गया कि अररिया में तटबंध निर्माण किया जाना है। इसके लिए 2018 में ही भू-अर्जन की राशि उपलब्ध है।

**भागलपुर से बहाव की रफ्तार धीमी होने का मामला भी उठा:** समीक्षा के दौरान फरक्का बराज का मामला भी उठा। मंत्री ने कहा कि आखिर क्या वजह है कि भागलपुर से फरक्का में गंगा का बहाव 7 घंटे की बजाय 24 घंटे में हो रहा है। इस पर अभियंताओं ने बताया कि नदी में सिल्ट (गाद) भर गया है। हमारे इंजीनियरों को फरक्का बराज का निरीक्षण करने नहीं दिया जाता है। वहां के लोग मार-पीटकर भगा देते हैं। इस पर मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वे केंद्र सरकार से इसकी शिकायत करेंगे।

**जल परिवहन के लिए एकतरफा ड्रेनेज से कटाव का खतरा:** जल परिवहन से एकतरफा गाद भर जाने के मामले पर भी चर्चा हुई। अभियंताओं ने बताया कि साहेबगंज में भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा हरेक साल स्टीमर चलाने के लिए ड्रेनेज किया जाता है। इससे निकले गाद को एक तरफ रख दिया जाता है। जिससे दूसरे तरफ पानी का कटाव शुरू हो जाता है।



नवगछिया में मंगलवार को कटाव निरोधी कार्य को देखते मंत्री संजय झा। • हिन्दुस्तान

### सोल कटिंग इज गुड आइडिया, पूरा कीजिये

मंत्री ने स्पर संख्या 6 पर गंगा पार हो रहे सोल कटिंग और बंडालिंग कार्य को देखा। अधिवक्ता मुकेश कुमार ने बताया कि सोल कटिंग और बंडालिंग से धारा मुड़ेगी और कटाव रुकेगा। इस पर मंत्री ने कहा कि सोल कटिंग इज गुड आइडिया।

### तटबंध के किनारे बने घर हटाए जाएंगे

मंत्री ने कहा कि सीमांकन कर तटबंधों का चौड़ीकरण किया जाएगा। तटबंध किनारे बने घर हटाये जाएंगे। बांध किनारे घर बना लिया गया है। बाढ़ में घर गिरने पर मुआवजा मांग रहे हैं। एसडीओ को कहा बांध के नीचे कोई मकान नहीं बनाये, यह ध्यान रखिए।

### शिविर लगा भूअर्जन का करें भुगतान

दियारा के किसानों ने मंत्री को बताया कि हमलोगों की जमीन बांध में गई है, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला है। किसानों ने कहा कि बसोबास के हिसाब से पैसा मिले। मंत्री ने एडीएम से कहा कि शिविर लगाकर किसानों को भूअर्जन का पैसा दिलवाइए।

### एहतियात

- मंत्री ने कहा- पिछली बार बांध पर खर-पतवार रहने से चूहे के बिल के कारण बांध टूटा था।
- ग्रामीणों से अपील, बांध पर खर-पतवार नहीं रखें। जाह्नवी चौक पर लगता है भीषण जाम।
- बांध बनने से सैदपुर से इस्माईलपुर होकर जाह्नवी चौक के रास्ते भागलपुर जाया जा सकता है।
- ग्रामीणों ने कहा, 7 नंबर टोकर डेंजर प्वाइंट है, अगले साल कट रहा था।

## छह जिलों में 46 कटावरोधी योजनाओं पर हो रहा काम

**198.37** किमी लंबाई में नये तटबंध के निर्माण का प्रस्ताव मंजूर

- विभागीय अभियंताओं को प्रस्ताव पर बजट तैयार करने के निर्देश

**भागलपुर, वरीय संवाददाता।** जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने मंगलवार को भागलपुर में कटिहार बाढ़ प्रक्षेत्र के जिलों की समीक्षा की। इसमें संबंधित छह जिलों से आयी रिपोर्ट पर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में कटिहार बाढ़ प्रक्षेत्र में 2022 की बाढ़ से पूर्व भागलपुर जिलान्तर्गत 13, कटिहार जिलान्तर्गत 10, पूर्णिया जिलान्तर्गत 10, अररिया जिलान्तर्गत 4, किशनगंज जिलान्तर्गत 6 और लखीसराय जिलान्तर्गत 3 कटाव निरोधक योजनाओं यानी कुल 46 कटाव निरोधक योजनाओं पर काम होने की जानकारी दी गई।

समीक्षा के दौरान महानंदा बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत कटिहार बाढ़ प्रक्षेत्र के अंतर्गत कुट्टीघाट- झौआ महानंदा दायें तटबंध पर 66.23 किमी, बाढ़ नियंत्रण सालमारी के अंतर्गत कुट्टीघाट बागडोभ महानंदा बाएं तटबंध पर 46 किमी और नागर दाएं तटबंध पर 20.10 किमी और बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल किशनगंज के अंतर्गत रतवा नदी के बाएं एवं दाएं किनारे पर 66.02 किमी, अर्थात कुल 198.37 किमी लंबाई में नये तटबंध के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। विभागीय अभियंताओं को प्रस्ताव पर बजट तैयार करने को कहा गया है। समीक्षा में पीरपैंती प्रखंड में गंगा नदी के दाहिने किनारे स्थित टपुआ ग्राम की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा कटाव निरोधक कार्य पर चर्चा हुई। अभियंताओं ने बताया कि यह कार्य पूर्ण हो चुका है। गंगा नदी के बाएं किनारे काटा कोश से गोवागाछी तक तटबंध निर्माण और हरदेव टोला से चौकिया पहाड़पुर तक उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य के लिए भू-अर्जन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।